4483/17-12-2021

**दिनांक–09.12.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–**

**उपस्थिति:–** यथा संधारित।

दिनांक–09.12.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा राज्य के बीस जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के साथ की गई। समीक्षोपरान्त निम्नांकित निदेश दिए गए:–

**1. प्रथम चरण के कार्यों के MIS प्रतिवेदन की तुलनात्मक समीक्षा:–** जिलों में चल रहे प्रथम चरण के कार्यों का नवंबर के प्रथम सप्ताह एवं दिसंबर के प्रथम सप्ताह का तुलनात्मक प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत पाया गया:–

**COMPARATIVE REPORT OF NOV.1st WEEK TO DEC.1ST WEEK** **PHASE-1**

| SL. NO. | District | Tri-Junction Validation | | Boundary Verification | | Boundary Updated Map's Supply | | Kishtwaar (Mauza) | | Khanapuri (Mauza) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | NOV. 1st WEEK | DEC. 1ST WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1ST WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1ST WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1ST WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1ST WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1ST WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1ST WEEK |
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | ARARIA (156) | 330 | 251 | 22 | 9 | 6 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | ARWAL (316) | 266 | 297 | 29 | 39 | 11 | 13 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | BANKA (310) | 468 | 543 | 59 | 104 | 19 | 21 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | BEGUSARAI (440) | 929 | 961 | 164 | 178 | 149 | 160 | 109 | 123 | 53 | 65 | 35 | 51 | 24 | 39 |
| 5 | JAMUI (155) | 356 | 436 | 59 | 131 | 42 | 87 | 8 | 16 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | JEHANABAD (253) | 347 | 392 | 51 | 81 | 7 | 17 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | KATIHAR (185) | 644 | 764 | 45 | 68 | 27 | 36 | 6 | 15 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | KHAGARIA (163) | 119 | 146 | 8 | 10 | 5 | 7 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | KISHANGANJ (459) | 314 | 396 | 16 | 21 | 3 | 4 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | LAKHISARAI (412) | 716 | 535 | 134 | 116 | 69 | 71 | 49 | 60 | 26 | 30 | 24 | 29 | 24 | 26 |
| 11 | MADHEPURA (115) | 333 | 338 | 100 | 101 | 44 | 55 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | MUNGER (324) | 795 | 772 | 323 | 323 | 313 | 322 | 152 | 154 | 58 | 69 | 1388 | 32 | 29 | 11 |
| 13 | NALANDA (415) | 1239 | 1179 | 402 | 404 | 388 | 393 | 90 | 109 | 6 | 13 | 725 | 10 | 2 | 4 |
| 14 | PURNIA (110) | 140 | 196 | 17 | 50 | 6 | 43 | 1 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | SAHARSA (130) | 375 | 431 | 66 | 130 | 35 | 64 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | SHEIKHPURA (314) | 957 | 904 | 254 | 266 | 182 | 216 | 105 | 100 | 29 | 36 | 16 | 30 | 12 | 19 |
| 17 | SHEOHAR (80) | 162 | 198 | 4 | 16 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | SITAMARHI (254) | 237 | 288 | 22 | 41 | 3 | 8 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | SUPAUL (251) | 554 | 621 | 87 | 131 | 63 | 76 | 37 | 41 | 27 | 27 | 11 | 11 | 7 | 9 |
| 20 | W. CHAMPARAN 290) | 738 | 738 | 290 | 290 | 290 | 290 | 63 | 86 | 1 | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 |

01.11.2021 से 01.12.2021 की जिलावार MIS से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन की तुलनात्मक समीक्षा में पाया गया कि कुछ जिलों में त्रि–सिमाना सत्यापन के कार्य में दिसंबर का प्रतिवेदन नवंबर की तुलना में कम है। पृच्छा करने पर बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि अनेक शिविरों द्वारा प्रतिवेदन नहीं भरा गया, जबकि कुछ के द्वारा गलत भरा गया है।

निदेशित किया गया कि MIS प्रतिवेदन को निदेशालय स्तर पर उपलब्ध कराए जाने के पूर्व जिला स्तर पर उसकी जाँच कर ली जाए तथा इस बात की पुष्टि भी अवश्य कर ली जाए कि शिविर द्वारा जो प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है, वह राज्य स्तर पर उपलब्ध कराये जाने वाले प्रतिवेदन के अनुरूप है।

**2. ग्राम–सीमा सत्यापन कार्यों की समीक्षा :–** समीक्षा में अरवल, बेगूसराय, लखीसराय एवं कटिहार में त्रिसीमाना सत्यापन कार्य की धीमी प्रगति पर पृच्छा की गई। लखीसराय के प्रतिवेदन में पाया गया कि प्रगति अधिक के स्थान पर कम हुई है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा मात्र एक ई0टी0एस0 उपलब्ध कराए जाने से कार्य बाधित हो रहा है। बेगूसराय द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा मात्र 02 ई0टी0एस0 उपलब्ध कराए गए हैं। लखीसराय द्वारा बताया गया कि एजेंसी के कर्मियों के विलंब से कार्य स्थल पर पहुँचने के कारण एक दिन में कम–से–कम 03 त्रि–सिमाना सत्यापित किए जाने के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पा रही है। कटिहार के द्वारा बताया गया कि उनके यहाँ कुल 185 ग्रामों में 1100 से अधिक त्रि–सिमाना चिन्हित किए गए हैं, जिनका सत्यापन किया जा रहा है। उक्त प्रतिवेदन पर बैठक में असहमति व्यक्त करते हुए बताया गया कि औसतन एक ग्राम में अधिक से अधिक तीन से चार त्रि–सिमाना अनुमानित है। ऐसी स्थिति में चिन्हित त्रि–सिमानों की संख्या संदेहास्पद प्रतीत होती है। अतः आवश्यक है कि जिला स्तर पर इसकी जाँच कर ली जाए एवं तद्नुसार प्रतिवेदन में सुधार कर लिया जाए।

निदेशित किया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0 से लखीसराय, अरवल, बेगूसराय और कटिहार के लिए पर्याप्त संख्या में ई0टी0एस0 एवं मानवबल उपलब्ध नहीं कराने के लिए अलग–अलग पृच्छा की जाए। कटिहार के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को निदेशित किया गया कि चिन्हित किए गए त्रि–सिमानों की संख्या की जाँच कर सही–सही आंकड़ा प्रतिवेदन में प्रदर्शित किया जाए।

**3. किस्तवार की समीक्षा:–** समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अररिया, अरवल, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, शिवहर एवं सीतामढ़ी में प्रतिवेदित माह में एक भी गांव के किस्तवार का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, जबकि लखीसराय में संख्या कम हो गई है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि पूर्व में समर्पित किए गए प्रतिवेदन में त्रुटियाँ पाई जाने पर उनकी पुर्नसमीक्षा कर MIS संधारित किया गया है, उनके द्वारा बताया गया कि 65 राजस्व ग्रामों में किस्तवार का कार्य समाप्त कर लिया गया है एवं 30 राजस्व ग्रामों में किस्तवार का कार्य चल रहा है, जिसे इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मधेपुरा के स0ब0प0 (मु0) द्वारा बताया गया कि इस माह के अंत तक 15 राजस्व ग्रामों का किस्तवार कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर के द्वारा बताया गया कि केवल जल–जमाव की समस्या वाले ग्रामों में किस्तवार का कार्य लंबित है। बैठक में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि अनेक ग्रामों में उनके द्वारा ग्राम सीमा सत्यापित अपडेटेड मानचित्र की आपूर्ति किये जाने की लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद अभी तक किस्तवार का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि 31 मार्च 2022 तक सभी राजस्व ग्रामों में सुनवाई के पूर्व किये जाने वाले सभी क्षेत्रीय कार्यों को निश्चित रूप से पूरा कर लिया जाय। यह भी निदेशित किया गया कि प्रक्रमवार किये जाने वाले कार्यों के लिए जिला स्तर पर प्रक्रमवार तिथि के साथ एक समय–सारणी तैयार कर ली जाय एवं समय–सारणी में निर्धारित किये गये समय के अनुरूप ही प्रत्येक प्रक्रम के कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय। किस्तवार एवं खानापुरी की धीमी प्रगति के लिए सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बांका से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

**4. खानापुरी की समीक्षाः–** समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मात्र 06 जिलों द्वारा ही खानापुरी का कार्य किया गया है। शेष जिलों द्वारा किसी भी ग्राम में खानापुरी का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जो अत्यंत खेदंजनक हैं। इस संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा पर्याप्त संख्या में ई0टी0एस0 एवं कर्मी उपलब्ध नहीं कराये जाने एवं ग्राम सीमा सत्यापित तथा किस्तवार पूर्ण अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं किये जाने के कारण खानापुरी के पूर्व का कार्य्र ससमय पूरा नहीं हो पा रहा है। अरवल के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अनुरोध किया गया कि समीक्षात्मक MIS प्रतिवेदन में इस तथ्य को भी शामिल किया जाना चाहिए कि किस जिले को एजेंसी द्वारा कब से और कितने ई0टी0एस0 उपलब्ध कराये गये। एल0आई0एस0 सलाहकार द्वारा बताया गया कि निदेशालय स्तर पर हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के साथ की जाने वाली साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक में जिलावार E.T.S Efficiency Performance Report तैयार कर समीक्षा की जाती है। उक्त समीक्षा के लिए आवश्यक है कि MIS प्रतिवेदन में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा साप्ताहिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय।

निदेश दिया गया कि किस्तवार के कार्य को विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली में निर्धारित समय–सीमा के अंदर समाप्त करना सुनिश्चित किया जाय एवं यथाशीघ्र सभी राजस्व ग्रामों में खानापुरी का कार्य प्रारंभ किया जाय।

**5. हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा प्रक्रमवार आपूर्ति किये जाने वाली अपडेटेड मानचित्रों की समीक्षाः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा माह–दिसंबर तक 39 समर्पित 39 मानचित्रों के विरूद्ध मात्र 13 मानचित्रों की आपूर्ति की गई है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा द्वारा बताया गया कि 127 मानचित्रों के विरूद्ध मात्र 45 मानचित्र एजेंसी द्वारा वापस किये गये है। अन्य जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा भी बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा ससमय प्रक्रमवार अपडेटेड मैप उपलब्ध नहीं कराया जाता है।

निदेशित किया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0 से ई0टी0एस0 की उपलब्धता एवं मानचित्रों की प्रक्रमवार आपूर्ति के संबंध में जिलावार पृच्छा की जाय। बैठक में उपस्थित सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निदेशित किया गया कि सभी जिलों में ई0टी0एस0 एवं कर्मियों की संख्या में वृद्धि की जाय एवं प्रक्रमवार अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति समय पर करना सुनिश्चित किया जाय।

**6. द्वितीय चरण के कार्यों के MIS प्रतिवेदन की तुलनात्मक समीक्षाः—** जिलों में चल रहे द्वितीय चरण के कार्यों का नवंबर के चतुर्थ सप्ताह एवं दिसंबर के प्रथम सप्ताह का तुलनात्मक प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत पाया गयाः—

**COMPARATIVE REPORT OF NOV.4TH WEEK TO DEC.1ST WEEK PHASE-2**

| SL. NO. | District (Mauza) | Village Tagging | | List of Govt. and Settled Land | | Khatiyan & Map Availability | | Gram Sabha (As per Technical Guideline) | | Form-1 Upload in Software | | Form-2 &3(1) Upload in Software | | Khatiyan Writing (Rule 9 (1) (Completed Mauza) | | Form-5 Software Entry (Completed Mauza) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK | NOV. 1st WEEK | DEC. 1st WEEK |
| | | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | ARARIA (587) | 178 | 178 | 48% | 48% | 92.4% | 92.4% | 7 | 96 | 123 | 141 | 687 | 2285 | 112 | 130 | 68 | 109 |
| 2 | BANKA (361) | 361 | 361 | 55% | 55% | 67.9% | 67.9% | 361 | 304 | 361 | 304 | 298 | 332 | 281 | 287 | 166 | 296 |
| 3 | BEGUSARAI (498) | 498 | 498 | 50% | 50% | 21.5% | 21.5% | 214 | 240 | 498 | 451 | 0 | 0 | 173 | 240 | 69 | 184 |
| 4 | JAMUI (148) | 148 | 148 | 50% | 50% | 89.1% | 89.1% | 148 | 148 | 148 | 148 | 64 | 169 | 76 | 113 | 52 | 95 |
| 5 | JEHANABAD (331) | 331 | 331 | 95% | 95% | 79% | 79.0% | 298 | 327 | 300 | 329 | 2058<br>7 | 7479 | 273 | 297 | 14122 | 215 |
| 6 | KATIHAR (173) | 173 | 173 | 80% | 80% | 99.7% | 99.7% | 151 | 124 | 172 | 94 | 1789 | 2990 | 158 | 91 | 149 | 88 |
| 7 | KHAGARIA (108) | 108 | 108 | 50% | 50% | 75.6% | 75.6% | 64 | 64 | 107 | 107 | 953 | 1497 | 41 | 41 | 31 | 40 |
| 8 | KISHANGANJ (311) | 311 | 311 | 75% | 75% | 84.9% | 84.9% | 294 | 310 | 294 | 310 | 320 | 270 | 250 | 279 | 18508 | 212 |
| 9 | LAKHISARAI (53) | 53 | 53 | 80% | 80% | 99.1% | 99.1% | 53 | 53 | 53 | 53 | 3741 | 4395 | 52 | 52 | 14 | 51 |
| 10 | MADHEPURA (242) | 47 | 47 | 60% | 60% | 100% | 100.0 % | 56 | 30 | 242 | 178 | 6573 | 6573 | 82 | 132 | 24688 | 77 |
| 11 | MUNGER (469) | 450 | 450 | 70% | 70% | 72.5% | 72.5% | 298 | 307 | 456 | 412 | 4539 | 5263 | 236 | 229 | 1930 | 154 |
| 12 | NALANDA (394) | 394 | 394 | 52% | 52% | 56.7% | 56.7% | 13 | 13 | 393 | 330 | 45 | 45 | 244 | 283 | 39527 | 256 |
| 13 | PURNIA (1190) | 81 | 81 | 44% | 44% | 0.0% | 0.0% | 0 | 0 | 54 | 81 | 0 | 18 | 27 | 37 | 27 | 37 |
| 14 | SAHARSA (85) | 85 | 85 | 50% | 50% | 27.8% | 27.8% | 85 | 74 | 85 | 85 | 0 | 1 | 17 | 23 | 0 | 21 |
| 15 | SHEOHAR (116) | 116 | 116 | 97% | 97% | 98.4% | 98.4% | 116 | 116 | 116 | 116 | 1409<br>7 | 20631 | 116 | 116 | 44395 | 116 |
| 16 | SITAMARHI (165) | 165 | 165 | 65% | 65% | 79% | 100.0 % | 165 | 149 | 165 | 149 | 55 | 639 | 144 | 149 | 49 | 95 |
| 17 | SUPAUL (297) | 297 | 297 | 90% | 90% | 63.9% | 63.9% | 0 | 0 | 233 | 216 | 0 | 0 | 103 | 137 | 5019 | 124 |
| 18 | W. CHAMPARAN (338) | 319 | 319 | 90% | 90% | 99.7% | 99.7% | 319 | 338 | 319 | 287 | 9718 | 9182 | 300 | 296 | 64347 | 227 |

उक्त तुलनात्मक समीक्षा में पाया गया कि द्वितीय चरण अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के लिए अभी तक अधिकांश ग्रामों के टैगिंग का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया, बांका, जमुई एवं जहानाबाद द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा सभी ग्रामों को टैगिंग कर ली गई है। अधिकांश बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अंचलों/ग्रामों की टैगिंग के बावजूद MIS में प्रतिवेदन प्रदर्शित नहीं होता है।

निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र द्वितीय चरण के सभी राजस्व ग्रामों की टैगिंग का कार्य पूर्ण कर सभी राजस्व ग्रामों में उदघोषणा का कार्य पूर्ण कर लिया जाय एवं प्रपत्र–5 में खतियानी विवरणी यथाशीघ्र संधारित कर ली जाय। प्रपत्र–5 के सॉफ्टवेयर में संधारण की अंतोषजनक प्रगति को देखते हुए निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र प्रपत्र–5 की प्रविष्टियों को संधारित कर लिया जाय।

**7. अन्यान्यः–** सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अमीन डायरी के प्रतिदिन ऑनलाईन संधारण का प्रावधान निदेशालय स्तर से किया गया है। अतः इसका अनुश्रवण जिला स्तर से भी करना सुनिश्चित किया जाय। द्वितीय चरण में जिन अंचलों / ग्रामों में कार्य शुरू किया जाना है, उनके उद्घोषणा की प्रति सभी सरकारी कार्यालयों को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दी जाय। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से विभिन्न प्रकार के ग्राउंड कंट्रोल प्वाइंट की सूची प्राप्त कर ली जाय एवं यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कंट्रोल प्वाइंट D.G.P.S द्वारा सत्यापित है अथवा नहीं। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल पर विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के कार्यों की समीक्षा की जाय और जिन कर्मियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है अथवा जिनके कारण कार्य बाधित हो रहा है, उनके वेतन में अनुपातिक रूप से कटौती की जाय। निदेशालय स्तर पर उन्हीं कर्मियों के संबंध में कार्रवाई की अनुशंसा की जाय, जिन्हें सेवा से मुक्त किया जाना आवश्यक है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों को बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में प्रत्येक जिले में विशेष सर्वेक्षण कार्यों का अनुश्रवण समाहर्त्ता, आयुक्त एवं जिलों के प्रभारी सचिव द्वारा किया जाना है। अतः इस आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से नियमित समीक्षा किये जाने की आवश्यकता है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा द्वारा बताया गया कि कुछ जिलों में समाहर्त्ता, बन्दोबस्त पदाधिकारी से वरीयता क्रम में नीचे है, ऐसी स्थिति में उत्पन्न विसंगति को दूर किया जाना आवश्यक है। निदेशक महोदय द्वारा बताया गया कि इस संबंध में लिखित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय ताकि उच्च पदाधिकारियों को परिस्थिति से अवगत कराया जा सके। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा वाहन एवं अन्य मदों में आवंटन की मांग किये जाने पर बताया गया कि सभी जिलों को आवश्यक आवंटन उपलब्ध कराया जा रहा है। लखीसराय एवं सीतामढी, बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उनके यहां सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के नहीं रहने के कारण कार्यों के निष्पादन में कठिनाई आ रही है। जमुई के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जमुई के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) के शारीरिक रूप से अक्षम होने के कारण दूसरे पदाधिकारी की पदस्थापन किया जाना आवश्यक है।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

4483
ज्ञापांकः 01/भू0अ0 नि0विविध-सर्वे एवं प्रशि0(बैठक की कार्यवाही) - 08/21 ......पटना, दिनांक :–17-12-2021

**प्रतिलिपिः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

4483
ज्ञापांकः01/भू०अ०नि०(3) विविध–(सर्वे०एवं प्रशि० बैठकों की कार्य० 8/2021 पटना, दिनांक :– 17-12-2021

प्रतिलिपिः– श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबन्दी निदेशालय/सहायक निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः01/भू०अ०नि०(3) विविध–सर्वे०एवं प्रशि० बैठकों की कार्य० 8/2021 4483 पटना, दिनांक :– 17-12-2021

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक/एल0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः17–01/भू०अ०नि०(3) विविध–सर्वे०एवं प्रशि० बैठकों की कार्य० 8/2021 4483 पटना, दिनांक :– 17-12-2021

प्रतिलिपि :– जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः17 01/भू०अ०नि०(3) विविध–सर्वे०एवं प्रशि० बैठकों की कार्य० 08/2021-4483 पटना, दिनांक :– 17-12-2021

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः17–01/भू०अ०नि०(3) विविध–सर्वे०एवं प्रशि० बैठकों की कार्य० 8/2021-4483 पटना, दिनांक :– 17-12-2021

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः01/भू०अ०नि०(3) विविध–सर्वे०एवं प्रशि० बैठकों की कार्य० 08/2021-4483 पटना, दिनांक :– 17-12-2021

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
17/12/21

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Proceeding\Proceeding_09.12.2021.docx